प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

दिनांक : 25/03/2026 समय :7.10एएम

मुख्य समाचार :-

- पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनाए 7 सशक्त समूह, राज्यों से की टीम इंडिया की तरह काम करने की अपील।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने की पश्चिम एशिया पर चर्चा, होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने पर दिया जोर।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव आज किसानों को देंगे सौर ऊर्जा की सौगात, सूर्य-मित्र योजना के तहत बांटे जाएंगे 25 साल के बिजली अनुबंध।
- अपने जन्मदिन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रकृति को तोहफा, दुर्गावती टाइगर रिजर्व में छोड़ेंगे कछुए।

पीएम मोदी- सात सशक्त समूह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया युद्ध के असर से निपटने के लिए सात सशक्त समूहों के गठन का ऐलान किया है। ये समूह ईंधन, उर्वरक, गैस, आपूर्ति श्रृंखला और महंगाई जैसी चुनौतियों से निपटने की रणनीति बनाएंगे। प्रधानमंत्री ने राज्यों से टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करने की अपील की और कालाबाजारी व जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में आत्मनिर्भरता ही एकमात्र विकल्प है।

पीएम मोदी- ट्रंप बातचीत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टेलीफोन किया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि बातचीत के दौरान उन्होंने पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचार-विमर्श किया। साथ ही, भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट का खुला, सुरक्षित और सुगम रहना, पूरे विश्व के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सौर ऊर्जा की सौगात-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 'सूर्य-मित्र कृषि फीडर' योजना के तहत चयनित विकासकों को विद्युत क्रय अनुबंध वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम आज सुबह 11ः30 बजे मुख्यमंत्री निवास में होगा। इस योजना के तहत कृषि फीडरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे, जिससे किसानों को दिन में बिजली मिल सकेगी। विकासकों के साथ 25 साल के लिए बिजली खरीद के अनुबंध किए गए हैं।

केन्द्रीय कृषि मंत्री- बुधनी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कल सीहोर के बुधनी में राष्ट्रीय कृषि यंत्रीकरण प्रदर्शनी में पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ानी है तो खेती में आधुनिक तकनीक अपनानी होगी। उन्होंने बुधनी के सीएफएमटीटी संस्थान को देश का सबसे बड़ा कृषि मशीनरी प्रशिक्षण केंद्र बनाने की बात भी कही। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि यहां नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन के जरिए एक बीज प्रोसेसिंग सेंटर भी बनाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने कल धर्मांतरण और अनुसूचित जाति के दर्जे को लेकर एक व्यापक प्रभाव वाला सुनाया है। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने साफ किया कि हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म छोड़कर, ईसाई या अन्य धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाएगा। वहीं गुजरात विधानसभा ने कल समान नागरिक संहिता यानी न्ब्ब् विधेयक पास कर दिया है, जिसमें सभी

धर्मों के लिए विवाह, तलाक और उत्तराधिकार का एक समान कानून लागू होगा। इससे गुजरात, उत्तराखंड के बाद न्ब्ब् लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है।

लोकसभा- ट्रांसजेंडर

लोकसभा ने कल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों-अधिकारों का संरक्षण संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। विधेयक का उद्देश्य अधिनियम 2019 में संशोधन करना है। इसके अंतर्गत एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति, जिला मजिस्ट्रेट के पास ट्रांसजेंडर व्यक्ति के रूप में पहचान प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन कर सकता है। जिला मजिस्ट्रेट एक नामित चिकित्सा बोर्ड की सिफारिश की जांच करने के बाद प्रमाण पत्र जारी करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव- जन्मदिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर वे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बामनेर नदी में एक दर्जन कछुए रिलीज करेंगे। साथ ही वे कूनो से चीतों को यहां बसाने के लिए सॉफ्ट रिलीज बोमा का भूमिपूजन भी करेंगे। यह प्रदेश का सबसे बड़ा और देश का 54वां टाइगर रिजर्व है, जहां अभी 32 बाघ मौजूद हैं।

मिशन अमृत सरोवर-प्रदेश

प्रदेश ने मिशन अमृत सरोवर में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। आईआईटी दिल्ली और ग्रामीण विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो साल में प्रदेश के तालाबों का जल क्षेत्र 128 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि राष्ट्रीय औसत सिर्फ 11 प्रतिशत है। प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक 5 हजार 839 अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं।

इंदौर- 67वां ग्रीन कॉरिडोर

इंदौर में कल 67वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। शुजालपुर के 34 साल के अनुपम नालमे ब्रेन हेमरेज के बाद ब्रेनडेड हो गए थे। परिवार ने अंगदान का फैसला किया और उनका लिवर और दोनों किडनी तीन जरूरतमंद मरीजों को ट्रांसप्लांट की गई। अंगदान के बाद अनुपम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और हजारों लोगों ने तालियां बजाकर इस नेक फैसले को सलाम किया।

परीक्षा परिणाम-5वीं/8वीं बोर्ड

प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज सुबह 11.30 बजे जारी किया जाएगा। छात्र www.rskmp.in/result.aspx पर रोल नंबर या समग्र आईडी डालकर अपना रिजल्ट देख सकेंगे। इस बार 23 लाख 68 हजार से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी थी।

एलपीजी जहाज

भारत के दो एलपीजी जहाज पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। पाइन गैस 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 27 मार्च तक न्यू मंगलौर पोर्ट पहुंचेगा, जबकि जग वसंत 47 हजार 600 मीट्रिक टन एलपीजी के साथ 26 मार्च तक कांडला पहुंचने का अनुमान है।

पेट्रोल, डीजल, एलपीजी-मंत्री गोविंद सिंह

प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग अनावश्यक अफवाहें फैला रहे हैं, जिन पर भरोसा न करें। मंत्री ने नागरिकों से अपील की कि केवल अधिकृत और विश्वसनीय स्रोतों से मिली जानकारी पर ही भरोसा करें।

क्रिकेट

ग्वालियर की क्रिकेटर अनुष्का शर्मा का भारतीय महिला टी-20 टीम में चयन हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल ग्वालियर एयरपोर्ट पर अनुष्का और उनके पिता का सम्मान किया। अनुष्का 17 से 27 अप्रैल तक दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टी-20 सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

वहीं दूसरी तरफ इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू होगा और फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। इस बार 10 टीमों के बीच 84 मैच होंगे, जो प्च्स् का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा। पहला मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

मौसम

अब बात मौसम की। कल भोपाल, इंदौर और उज्जैन में तेज गर्मी रही तो पूर्वी-पश्चिमी हिस्सों में बादल छाए रहे। खंडवा में पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को प्रदेश में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में नए वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर दिखेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- सतना के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के भरत घाट पर कल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- वहीं बालाघाट के सुकली ग्राम में जल संरक्षण एवं संवर्धन पर संगोष्ठी और चौपाल का आयोजन किया गया।
- मैहर जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने ग्राम पंचायत पोड़ी को 1 करोड़ 15 लाख 37 हजार रूपये लागत के विकास कार्यो की सौगात दी।
- विश्व टीबी दिवस पर कल मन्दसौर जिले की 205 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। वहीं कटनी में 44 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।
- डिंडोरी में भी राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।
- गुना जिले में आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कल पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में मुख्य मार्गों पर ,फ्लेग मार्च निकाला गया।
- संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के दल ने कल शाजापुर के सुनेरा और पनवाड़ी गांवों में जलवायु परिवर्तन के फसलों पर प्रभाव का अध्ययन किया।
- श्योपुर के कूनो वन मंडल के बागचा से विस्थापित तीन हितग्राहियों को 12-12 लाख की एफडीआर उनके बैंक खातों में जारी करने की कार्यवाही शुरू की गई है।

-------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) सौर ऊर्जा की सौगात-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 'सूर्य-मित्र कृषि फीडर' योजना के तहत चयनित विकासकों को विद्युत क्रय अनुबंध वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम आज सुबह 11ः30 बजे मुख्यमंत्री निवास में होगा। इस योजना के तहत कृषि फीडरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे, जिससे किसानों को दिन में बिजली मिल सकेगी। विकासकों के साथ 25 साल के लिए बिजली खरीद के अनुबंध किए गए हैं।

(2) मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव- जन्मदिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अपना 61वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर वे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बामनेर नदी में एक दर्जन कछुए रिलीज करेंगे। साथ ही वे कूनो से चीतों को यहां बसाने के लिए सॉफ्ट रिलीज बोमा का भूमिपूजन भी करेंगे। यह प्रदेश का सबसे बड़ा और देश का 54वां टाइगर रिजर्व है, जहां अभी 32 बाघ मौजूद हैं।

(3) मिशन अमृत सरोवर-प्रदेश

प्रदेश ने मिशन अमृत सरोवर में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है। आईआईटी दिल्ली और ग्रामीण विकास मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो साल में प्रदेश के तालाबों का जल क्षेत्र 128 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि राष्ट्रीय औसत सिर्फ 11 प्रतिशत है। प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अब तक 5 हजार 839 अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं।

(4) इंदौर- 67वां ग्रीन कॉरिडोर

इंदौर में कल 67वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। शुजालपुर के 34 साल के अनुपम नालमे ब्रेन हेमरेज के बाद ब्रेनडेड हो गए थे। परिवार ने अंगदान का फैसला किया और उनका लिवर और दोनों किडनी तीन जरूरतमंद मरीजों को ट्रांसप्लांट की गई। अंगदान के बाद अनुपम को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और हजारों लोगों ने तालियां बजाकर इस नेक फैसले को सलाम किया।

(5) परीक्षा परिणाम-5वीं/8वीं बोर्ड

प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम आज सुबह 11.30 बजे जारी किया जाएगा। छात्र www.rskmp.in/result.aspx पर रोल नंबर या समग्र आईडी डालकर अपना रिजल्ट देख सकेंगे। इस बार 23 लाख 68 हजार से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी थी।